**इलिनोइस राज्य**
**मानव सेवा विभाग**
**पुनर्वास सेवाएँ प्रभाग**

## तथ्य पत्रक:
## विकलाँग लोगों के लिए व्यावसायिक पुनर्वास सेवाएँ प्राप्त करना

पुनर्वास सेवाएँ प्रभाग (डी आर एस) एक राज्य और केंद्रीय सरकार का कार्यक्रम है जिसका मुख्य काम किसी भी पीढ़ी या जाति के विकलाँग लोगों को व्यावसायिक पुनर्वास (वी आर) और रोजगार सेवाएँ उपलब्ध कराना है। इलिनोइस राज्य में मानव सेवा विभाग (डीएचएस) के अंतर्गत अनेक डिवीजनों में से एक डिवीजन डीआरएस है।

डी आर एस विकलाँग लोगों की मदद करने के लिए कृतसँकल्प है जिससे कि वे अपने समुदाय में रोजगार के लिए तैयार हो पाएँ, रोजगार प्राप्त कर सकें, उसे बनाए रख सकें या फिर से प्राप्त कर सकें। चूँकि विकलाँग लोग - खासकर अल्पसँख्यक, आप्रवासी और विकलाँगता से ग्रस्त शरणार्थी - डीआरएस की तरफ़ से दी गई सेवाओं का पूरा लाभ नहीं उठाते हैं, इसलिए इलिनोइस में वी आर सिस्टम इन विविध समुदायों को मदद पहुंचा रहा है।

अच्छी तरह की मदद और प्रशिक्षण से इलिनोइस में विकलाँग लोग ऊँचे पेशे और नौकरियों के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। उपलब्ध सेवाओं के बारे में कुछ अक्सर पूछे जाने वाले सवालों के जवाब यहाँ दिए गए हैं। इन्हें पढ़ें और पता लगाएँ कि क्या आप या आपके जान-पहचान वालों में से कोई पात्र है।

### अक्सर पूछे जानेवाले सवाल

१ **"विकलाँग व्यक्ति" कौन होता है?** विकलाँग व्यक्ति वह होता है जो ऐसी किसी शारीरिक या मानसिक खामी से ग्रस्त हो जिससे कि उसे काम करने में मुश्किल हो। मिसाल के तौर पर किसी व्यक्ति को विकलाँगता हो सकती है, अगर वह :

- बहरा हो या उसे सुनने में गंभीर परेशानी होती हो,
- अंधा हो या उसेदेखने में गंभीर कठिनाई होती हो, और चश्मा लगाने पर भी परेशानी होती हो,
- मुश्किल से ध्यान दे सके, याद कर सके, या उसे निर्णय लेने में परेशानी हो,
- कपड़े बदलने या नहाने में परेशानी हो,
- हर दिन के काम स्वयँ करने में परेशानी हो, जैसे खरीददारी करना या डाक्टर के दफ्तर में जाना,
- एक जगह से दूसरी जगह जाने में परेशानी हो या किन्हीं विशेष अवस्थाओं में शरीर का हिस्सा हिलाने में परेशानी हो (मिसाल के तौर पर चलना, चढ़ाई करना, घुटने मोड़ना, बैठना और खड़े होना),
- काम पर ठीक-ठाक और अच्छा व्यवहार रखने में बहुत परेशानी हो और काम की जगह में स्वीकार्य ना हो पाना।

२ **क्या मैं (या कोई और जिसे मैं जानता/जानती हूँ) वी आर सेवाओं के लिए पात्र हूँ?**
क्या आप या कोई अन्य व्यक्ति जिसे आप जानते/जानती हैं विकलाँग है और क्या वह डीआरएस से सेवा प्राप्त व नौकरी पाने के लिए या नौकरी पर रखे जाने के लिए योग्य है, यह फ़ैसला करना वीआर के योग्य कर्मचारियों का काम है। इस तरह के व्यक्ति के पास अमेरिका या इसके राज्य-क्षेत्र में काम करने का अधिकार होना चाहिए।

३ **डी आर एस- वी आर मुझे किस प्रकार की सेवाएँ दे सकता है**?

डीआरएस कई तरह की सेवाएं देता है जो आपकी ट्रेनिंग, शिक्षा और/या नौकरी की आवश्यकताओं के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। इन सुविधाओं में शामिल हैं: नौकरी की सलाह और मार्गदर्शन, उचित सामुदायिक-प्रदाताओं के पास भेजना, नौकरियों की ट्रेनिंग देना और नौकरियाँ उपलब्ध कराना, लंबे समय तक कार्य के लिए समर्थन देना (उदाहरण के लिए एक व्यक्तिगत देखभाल सहायक या कार्य-शिक्षक की सेवा), सहायक तकनीकि या संबंधित आसानियों तक पहुँच, और संक्रमण सेवाओं व कॉलेज प्रशिक्षण के विकल्प।

४ **मैं कैसे आवेदन कर सकता/सकती हूं?**

आप वीआर सेवाओं के लिए ऑनलाइन, फोन द्वारा, फैक्स द्वारा या स्वयँ अपने स्थानीय कार्यालय में जा कर आवेदन कर सकते/सकती हैं। आप वेबसाइट **drs.illinois.gov/apply** पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते/सकती हैं। आप फोन नंबर(800) 843-6154 (अंग्रेजी या स्पैनिश) पर अपने सबसे नज़दीक के डीआरएस कार्यालय से या फिर नीचे लिखी सांस्कृतिक समुदाय एजेंसियों में से किसी एक से भाषा के सहारे के लिए डीआरएस से संपर्क कर सकते/सकती हैं। डीआरएस द्वारा प्रदान की जानेवाली जानकारी के बारे में और अधिक जानने के लिए आप वेबसाइट **drs.illinois.gov** देख सकते/सकती हैं।

५ **क्या मुझे वी आर सेवाओं के लिए कुछ पैसे देने होंगे?**

डीआरएस द्वारा दी जाने वाली कुछ सेवाएँ आपकी तनख्वाह पर आधारित होती हैं। अगर कुछ रकम की ज़रूरत हो, तो आपका सलाहकार आपसे इसके बारे में चर्चा करेग और इसके बारे में आपको समझाएगा। बहुत सी सेवाएँ नि:शुल्क होती हैं।

६ **अगर मैं अंग्रेजी नहीं बोल पाता/पाती हूँ, तो?**

अगर आपको भाषा के लिए कुछ सुविधाओं की ज़रूरत हो, तो कृपया अपने वीआर सलाहकार को बतायें ताकि वह आपकी भाषाई और सांस्कृतिक ज़रूरतों के लिए सुविधाएँ उपलब्ध करा सके।

***अभी तक दिलचस्प लगता है। मैं कैसे शुरू करूँ?***

जब आप पहली बार अपने वीआरसलाहकार से मिलते/मिलती हैं, तो कृपया नीचे लिखे कागज़ात में से जितने संभव हो सकें साथ अवश्य लाएं:

**सभी आवेदक**

- ✓ **मेडीकेड और/ या मेडीकेयर कार्ड**
- ✓ **सामाजिक सुरक्षा अवार्ड पत्र**
- ✓ **आपकी अभी तक की नौकरियाँ और अर्जित डिग्री या प्रमाण-पत्रों की सूची**
- ✓ **आपके वर्तमान स्वास्थ्य के बारे में चिकित्सा जानकारी। सामान्य फिज़िशियन, लाइसेंस धारी थैरेपिस्ट या मनोवैज्ञानिक द्वारा स्पष्ट लिखा गया या टाइप किया गया पत्र होना आवश्यक है, जिसमें यह बताया गया हो:**
  - **रोग-निदान/रोग का लक्षण**
  - **लक्षण, किसी दवाई के पक्ष-प्रभाव सहित**
  - **इलाज की योजना और इसके साथ दवाइयों की एक सूची**
  - **काम करने की इजाज़त या इसमें कोई रोक या छूट**
  - **पत्र देने वाले चिकित्सक का नाम, पता, और फोन नंबर।**

## बहुसांस्कृतिक संगठन की सूची

| संगठन कानाम | संपर्कव्यक्ति विवरण | भाषाओं के विशेषज्ञ |
|---|---|---|
| **Arab American Family Services**<br>अरब अमेरिकी परिवारसेवा<br>9044 S Octavia Ave,<br>Bridgeview, IL 60455<br>फोन: (708) 599-2237<br>फैक्स: (708) 599-8299<br>वेबसाइट:<br>www.arabamericanfamilyservices.org | Itedal Shalabi, Executive Director<br>इतेअदल शलाबी<br>ईमेल: itedals@yahoo.com<br>फोन:(708) 599-2237 विस्तार: 31 | अरबीभाषा |
| **Asian Human Services**<br>**एशियाई मानव सेवा**<br>4753N Broadway St, Suite 700,<br>Chicago, IL 60640<br>फोन: (773) 728-2235<br>फैक्स: (773) 561-1396वेबसाइट:<br>www.ahschicago.org | Jing Zhang, Director of Community Health Programs<br>जिंग जांग, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के निदेशक.<br>ईमेल: jzhang@ahschicago.org<br>फोन: (773) 293-8460 | 28 से अधिक भाषाओं (जैसे चीनी, हिन्दी, ख्मेर, लाओ, थाई, और उर्दू) |
| **Cambodian Association of Illinois**<br>**इलिनोइस की कम्बोडियन एसोसिएशन**<br>2831 W Lawrence Ave,<br>Chicago, IL 60625<br>फोन: (773) 878-7090<br>फैक्स: (773) 878-5299<br>वेबसाइट: www.cai.maaillinois.org | Kathy Reun, Immigration & Family Resources Coordinator<br>कॅथी रुन, सरोयून सोईयुन<br>ईमेल: kathy@cambodian-association.org<br>फोन: (773) 878-7090 विस्तार: 205 | खमेर |
| **Chinese American Service League (CASL)**<br>**चीनीअमेरिकी सर्विस लीग( सीएएस एल )**<br>2141 S Tan Court, Chicago, IL 60616<br>फोन: (312) 791-0418<br>फैक्स: (312) 791-0509<br>वेबसाइट: www.caslservice.org | Ivy Siu, Family & Community Services Department Manager<br>आइवी सिउ<br>ईमेल:ivy_siu@caslservice.org<br>फोन: (312) 791-0418 विस्तार: 2202 | चीनी मैंडारिन औरकेनटोनीज |
| **Chinese Mutual Aid Association**<br>**चीनी मुचुअल एड एसोसिएशन**<br>1016 W Argyle St, Chicago, IL 60640<br>फोन: (773) 784-2900<br>फैक्स: (773) 784-2984<br>वेबसाइट: www.chinesemutualaid.org | Jamie Taradash, Rehabilitation Services Project Developer<br>जेमी तारादेश ,पुनर्वास सेवाएं परियोजना डेवलपर<br>ईमेल:<br>jamiet@chinesemutualaid.org<br>फोन: (773) 784-2900 विस्तार: 110 | केनटोनीज,<br>मैंडारिन , बर्मी, वियतनामी बोस्नियाई और<br>नेपाली |

| | | |
|---|---|---|
| **Indo-American Center**<br>**भारतऔर अमेरिकनसेंटर**<br>6328 N California Ave,<br>Chicago, IL 60659<br>फोन(773) 973-4444<br>फैक्स(773) 973-0157<br>वेबसाइट : www.indoamerican.org | Sunitha Doma, Public Benefits Coordinator<br>सुनीता डोमा .<br>सार्वजनिक लाभ समन्वयक<br>ईमेल : sdoma@indoamerican.org<br>फोन:(773) 973-4444 विस्तार :109 | हिंदी, पंजाबी, गुजराती, बंगालीऔर उर्दू |
| **Korean American Community Services**<br>**कोरियाई अमेरिकी सामुदायिकसेवा**<br>4300 N California Ave,<br>Chicago, IL 60618<br>फोन: (773)583-5501<br>फैक्स: (773)583-7009<br>वेबसाइट: www.kacschicago.org | Mi Young Seo, Director of Senior Services and Public Benefits<br>मीयौंगसईओ, निदेशक वरिष्ठ सेवाओं और जनता के लाभईमेल:<br>mseo@kacschicago.org<br>फोन: (773)583-5501 विस्तार: 160 | कोरियाई औरस्पेनिश |
| **Lao American Community Services**<br>**लाओ अमेरिकी सामुदायिकसेवा**<br>4750 N Sheridan Rd. Suite 369,<br>Chicago, IL 60640<br>फोन: (773)271-0004<br>फैक्स: (773)271-1682<br>वेबसाइट: www.lacschicago.org | Thavone Nyatso, Executive Director<br>थावोने न्यात्सो, कार्यकारी निदेशक<br>ईमेल: info@lacschicago.org<br>फोन: (773)271-0004 | लाओ और थाई |
| **Muslim Women Resource Center**<br>**मुस्लिम महिलाओंके संसाधनकेंद्र**<br>6445 N Western Ave, #301<br>Chicago, IL 60659<br>फोन: (773)764-1686<br>फैक्स: (773)764-6753<br>वेबसाइट: www.mwrcnfp.org | Sima Quraishi, Executive Director<br>सिमा कुरैशी कार्यकारी निदेशक<br>ईमेल: sima@mwrcnfp.org<br>फोन: (773)764-1686 | उर्दू |
| **Nepali American Center**<br>**नेपाली अमेरिकन सेंटर**<br>6 E Jerry St,<br>Mount Prospect, IL 60056<br>फोन: (773)800-1622<br>वेबसाइट: www.nepaliamericancenter.org | Ankur Sharma- General Secretary<br>अंकुर-जनरल सचिव<br>ईमेल:<br>info@nepaliamericancenter.org<br>फोन: (773)800-1622 | नेपाल और नेपाल के अन्य आदिवासी भाषाए |

| | | |
|---|---|---|
| **United African Organization**<br>**संयुक्तराज्य अफ्रीकाके संगठन**<br>3424 S State St, Suite 3C8-2,<br>Chicago, IL 60616<br>फोन: (312)949-9980<br>फैक्स: (312)949-9981<br>वेबसाइट: www.uniteafricans.org | Nancy Asirifi-Otchere, Program Coordinator<br>नैन्सी असिरिफी -ओत्चेरे,कार्यक्रम समन्वयक<br>ईमेल: Nancy.asirifi-otchere@uniteafricans.org<br>फोन: (312)949-9980 | सोमाली फ्रेंच,<br>और सभीप्रमुख अफ्रीकी भाषा |
| **Vietnamese Association of Illinois**<br>**इलिनोइस के वियतनामी एसोसिएशन**<br>5110 N Broadway St, 2nd Floor,<br>Chicago, IL 60640<br>फोन: (773)728-3700<br>फैक्स: (773)728-0497<br>वेबसाइट: www.hnvi.org | Van Duong, Healthcare & Community Program Manager<br>वान डुओंग,<br>स्वास्थ्यवजनसम्पर्कअधिकारी<br>ईमेल: vlduong@yahoo.com<br>फोन: (773)728-3700 | वियतनामी |